विषय- संस्कृत, बी॰ए॰ (स्नातक) प्रतिष्ठा
प्रथम वर्ष, प्रथम पत्र डॉ॰ ओम प्रकाश आर्य
किरातार्जुनीयम् - प्रथम सर्ग महाराजा कॉलेज, आरा
पद्यांश व्याख्या दिनांक - 17/07/2020

विशङ्कमानो भवतः पराभवम्
नृपासनस्थोऽपि वनाधिवासिनः ।
दुरोदरच्छद्मजितां समीहते
नयेन जेतुं जगतीं सुयोधनः ॥7॥

अन्वयः- सुयोधनः नृपासनस्थः अपि, वनाधिवासिनः भवतः पराभवं विशङ्कमानः, दुरोदरच्छद्मजितां ~~समीहते~~ जगतीं नयेन जेतुं समीहते ।

भावार्थ :- (सुयोधनः नृपासनस्थः अपि) राजसिंहासन पर बैठा हुआ भी दुर्योधन (वनाधिवासिनः) वन में निवास करने वाले (भवतः पराभवं विशङ्कमानः) आपसे ~~पराज~~ पराजय की आशङ्का करता हुआ (दुरोदरच्छद्मजितां जगतीम्) जुए

के छल से जीती गई पृथ्वी को अर्थात् राज्य को (नयेन जेतुं समीहते) अब नीति से जीतने की चेष्टा कर रहा है।

भावार्थ :- इस पद्य में वनेचर कहता है कि सिंहासन पर आसीन होकर भी दुर्योधन पराजय की शंका करता हुआ उत्तम प्रजानीति द्वारा पृथ्वी के राज्य को अपने वश में बनाये रखने का प्रयत्न कर रहा है।

पदव्याख्या- विशङ्कमानः - वि + शङ्क + शानच् । पराभवम् = पराजय, परा + भू + अप् भावार्थक प्रत्यय । भवतः - 'भवत्' का पञ्चमी । 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' सूत्र से पञ्चमी नृपासनस्थः अपि- राजसिंहासन पर बैठा हुआ भी। नृपस्य आसनं नृपासनम् (ष० तत्पु०), तस्मिन् तिष्ठति इति नृपासनस्थः (उपपद तत्पु०) नृपासन + स्था + क प्रत्यय, नृप = नॄन् पातीति नृपः = नृ + पा + क प्रत्यय । आस्यतेऽस्मिन्निति आसनम्, आस् + ल्युट् प्रत्यय । वनाधिवासिनः = वनमधिवसति इति वनाधिवासी, तस्मात् वनाधिवासिनः (उपपद तत्पु०) अधि + वस् + णिनि । दुरोदरच्छद्मजिताम् = जुए के छल जीती गयी । दुरोदर = जुआ, द्यूत । 'दुरोदरे द्यूतकारे पणे द्यूते दुरोदरम्' अमरकोश । दुष्टमुदरमस्येति दुरोदरम् । दुरोदरमेव छद्म दुरोदरच्छद्म (कर्मधारय) दुरोदरच्छद्मना जितां दुरोदरच्छद्मजिताम् (तृतीया तत्पु०) समीहते = चेष्टा करता है। अभिलाषा सहित प्रयत्न करता है। सम् + ईह + लट्

Scanned with CamScanner

Date
Page

नयेन जगतीं जेतुम् = नीति के द्वारा पृथ्वी को जीतने के लिए। जेतुम् - जि + तुमुन्, जीतने के लिए, वशमेंकरने के लिए। सुयोधनः = सुखेन युध्यते इति सुयोधनः, दुर्योधन। सु + युध् + युच् प्रत्यय।

टिप्पणी - इस पद्य में काव्यलिङ्ग अलङ्कार है जिसका लक्षण है - 'काव्यलिङ्गः हेतोर्वाक्यपदार्थता'। इति।

Scanned with CamScanner